प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

सर्वोच्च न्यायालय–लावारिस कुत्ते

सर्वोच्च न्यायालय ने सार्वजनिक स्थानों से पकड़े गए लावारिस कुत्तों को टीकाकरण या नसबंदी के बाद वापस न छोड़ने के अपने पूर्व निर्देशों को वापस लेने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली पीठ ने नवंबर 2025 के आदेश में संशोधन की मांग वाली याचिकाओं को आज खारिज कर दिया और अधिकारियों को ऐसे कुत्तों को आश्रय स्थलों में रखने का निर्देश दिया। अदालत ने बच्चों, बुजुर्गों और यात्रियों पर कुत्तों के हमलों की बेहद चिंताजनक घटनाओं का हवाला देते हुए कहा कि यह समस्या हवाई अड्डों और आवासीय कॉलोनियों सहित संवेदनशील सार्वजनिक क्षेत्रों तक पहुंच गई है। पीठ ने चेतावनी दी कि निर्देशों का पालन न करने वाले अधिकारियों को अवमानना और अनुशासनात्मक कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। अदालत ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पशु जन्म नियंत्रण केंद्र स्थापित करने, रेबीज रोधी टीकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने और रेबीज से संक्रमित या खतरनाक कुत्तों के इच्छा मृत्यु सहित कानूनी रूप से अनुमत उपाय करने का भी निर्देश दिया। उच्च न्यायालयों को स्वतः संज्ञान मामलों के माध्यम से अनुपालन की निगरानी करने के लिए भी कहा गया है।

चुनाव

प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं के लिए चुनाव प्रचार लगातार जारी है। सभी उम्मीदवार मतदाताओं को रिझाने के लिए अपनी प्राथमिकताएं उनके सामने रखकर वोट मांग रहे हैं। पंचायतीराज संस्थाओं के लिए मतदान 26, 28 और 30 मई को तीन चरणों में होगा। इस बीच पंचायती राज चुनाव के सफल और निष्पक्ष संचालन के लिए चुनाव अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस दौरान मतदान प्रक्रिया, मतदान सामग्री प्रबंधन और मतदान केंद्रों पर पालन किए जाने वाले नियमों की जानकारी दी जा रही है। इसके साथ ही चुनाव कर्मियों को मतपेटी के उपयोग और चुनाव प्रक्रिया का अभ्यास भी करवाया जा रहा है।

विरोध

हिमाचल प्रदेश मिड–डे–मील वर्कर यूनियन और आंगनबाड़ी वर्कर हैल्पर यूनियन ने राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा आंगनबाड़ी हैल्पर और मिड–डे–मील वर्करों की डियूटी पंचायत चुनाव में पोलिंग पार्टियों के लिए खाना बनाने के लिए लगाने का विरोध किया है। मिड–डे–मील वर्कर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष संदीप कुमार और सचिव शांति ने कहा कि मिड–डे–मील में अधिकतर महिलाएं खाना बनाती हैं। ऐसे में उन्हें रात 10 बजे तक पोलिंग पार्टियों को खाना बनाना संभव नहीं है। उन्होंने ये भी कहा कि चुनाव डियूटी में लगे सभी कर्मचारियों को वेतन मिलता है, लेकिन मिड–डे–मील वर्करों को इस कार्य का कोई वेतन नहीं दिया जाता। उन्होंने निर्वाचन आयोग से मांग की है कि पंचायत चुनावों में मिड–डे–मील वर्करों और आंगनबाड़ी वर्करों व हैल्परों की डियूटी न लगाई जाए।

पेट्रोल–डीजल वृद्धि

पेट्रोल और डीज़ल की कीमतों में आज लगभग 90 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई, जो एक हफ्ते से भी कम समय में दूसरी बढ़ोतरी है। दिल्ली में, पेट्रोल की कीमत अब 98 रुपये 64 पैसे प्रति लीटर है, जबकि डीज़ल की कीमत 91 रुपये 58 पैसे है। मुंबई में, पेट्रोल 107 रुपये 59 पैसे और डीज़ल 94 रुपये 8 पैसे प्रति लीटर बिक रहा है। कोलकाता में पेट्रोल की कीमतें 109 रुपये 70 पैसे और डीज़ल की 96 रुपये 7 पैसे दर्ज की गईं, जबकि चेन्नई में पेट्रोल की कीमत 104 रुपये 49 पैसे और डीज़ल की 96 रुपये 11 पैसे प्रति लीटर है। यह वृद्धि 15 मई को हुई 3 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी के कुछ दिनों बाद हुई है। चार साल से ज़्यादा समय में ईंधन की कीमतों में यह पहला बदलाव था। यह बढ़ोतरी ईरान संघर्ष और होर्मुज़ जलडमरू मध्य में रुकावटों के बीच वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में आई भारी तेज़ी के बाद हुई है।

इस बीच प्रदेश के सोलन ज़िला के कुछ किसानों का कहना है कि उन्हें कृषि कार्यों के लिए पैट्रोल पंपों पर डीजल और पैट्रोल नहीं मिल रहा है, इससे कृषि कार्य प्रभावित हो रहा है।

मौसम

प्रदेश में तापमान में वृद्धि लगातार जारी है। तापमान बढ़ने से राज्य के मैदान ज़िलों में लोगों को जोरदार गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग ने आज कांगड़ा, कुल्लू, सोलन और किन्नौर ज़िलों में अलग–अलग स्थानों पर लू चलने का यलो अलर्ट जारी किया है। इस बीच विभाग ने कहा है कि हिमालयी क्षेत्र में ताजा पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुआ है। इसके प्रभाव से आज से 25 मई तक राज्य के मध्यम व

अधिक ऊंचाई वाले अलग–अलग स्थानों पर वर्षा की संभावना है, जिससे लोगों को चिलचिलाती गर्मी से राहत की उम्मीद है। विभाग ने 21 और 22 मई को चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी और शिमला ज़िलों में अलग–अलग स्थानों पर वर्षा होने, अंधड़ और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी–तूफान चलने का यलो अलर्ट भी जारी किया है। इस बीच प्रदेश के अधिकांश पर्यटक स्थलों पर इन दिनों मौसम सुहावना बना हुआ है और भारी संख्या में पर्यटक यहां घूमने के लिए पहुंच रहे हैं।

———————————————————————